पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

महामना मदन मोहन मालवीय को 'भारत रत्न' मिलने पर राज्यपाल की बधाई

लखनऊः 30 मार्च, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने महामना मदन मोहन मालवीय को मरणोपरान्त देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' दिये जाने पर उनके परिजनों को हार्दिक बधाई दी है। राज्यपाल ने पद्म विभूषण, पद्म भूषण एवं पद्म श्री सम्मान प्राप्त करने वाले सभी महानुभावों को भी बधाई दी है।

राज्यपाल ने अपने बधाई संदेश में विशेष रूप से पूर्व उप प्रधानमंत्री को बधाई देते हुए कहा है कि श्री आडवाणी का देश की राजनीति और संसदीय परम्परा का लम्बा अनुभव रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी और श्री लालकृष्ण आडवाणी की जोड़ी राम-लक्ष्मण की जोड़ी जैसी है। श्री अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष थे और श्री लालकृष्ण आडवाणी पार्टी के महासचिव रहे हैं। यह सुखद संयोग है कि वाजपेयी जी की सरकार बनने के बाद यह जोड़ी प्रधानमंत्री और उप प्रधानमंत्री के रूप में बनी रही।